# तुझे अपना जान के बाबा मैं तेरे दर पर आऊं भजन लिरिक्स

तुझे अपना जान के बाबा,
मैं तेरे दर पर आऊं,
गर तुम ना साथ दिए तो,
फिर और कहाँ मैं जाऊं,
तुझें अपना जान के बाबा।bd।

तर्ज – तुझे सूरज कहूं या।

---

मैं भी तो सुनकर आया,
बाबा चौखट पर तेरी,
हम भक्तों की किस्मत को,
तुमने एक पल में फेरी,
अब हाथ पकड़ लो मेरा,
बिन तेरे चल ना पाऊं,
गर तुम ना साथ दिए तो,
फिर और कहाँ मैं जाऊं,
तुझें अपना जान के बाबा।bd।

---

जब मैं दुनिया से हारा,
दर दर की ठोकर खाई,
एक आस थी मेरे मन में,
कर लोगे तुम सुनवाई,
फिर तेरे रहते बाबा,
दुनिया से हार ना जाऊं,
गर तुम ना साथ दिए तो,
फिर और कहाँ मैं जाऊं,
तुझें अपना जान के बाबा।bd।

---

नादानो से होती है,
नादानी मेरे दाता,
ये 'सुरेश राजस्थानी',
बस तेरे ही दर आता,
अब तू ही बता दे बाबा,
दर छोड़ कहाँ मैं जाऊं,
गर तुम ना साथ दिए तो,
फिर और कहाँ मैं जाऊं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुझे अपना जान के बाबा,
मैं तेरे दर पर आऊं,
गर तुम ना साथ दिए तो,
फिर और कहाँ मैं जाऊं,
तुझें अपना जान के बाबा।bd।

**Singer – Vinay Agarwal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com